8-JULAY- Jash-Bhoomi pg-1_Layout 1 7/8/2024 8:17 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 30.2 डिग्री

4

सक्ती जिले में 70 लाख से अधिक का धान शार्टेज, नोटिस देकर कर रहे रिकव्हरी



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

## नशे की हालत में छात्रों के साथ मारपीट करने का मामला, जांच में हुई पुष्टि

# निलंबित छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नशे में छात्रावास के बच्चों की पिटाई कर बाहर करने के मामले में छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया है उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

शासकीय प्री. मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास, डुमरिया में पदस्थ छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज ने 6 जुलाई की रात नशे की हालत में छात्रावास में निवासरत छात्रों के साथ मारपीट कर उन्हें बाहर निकाल दिया था। घटना से नाराज अभिभावकों ने अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बाद कलेक्टर डॉ. मित्तल ने छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज के कृत्य को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरित कदाचार एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में बताते हुए निलंबित कर दिया है। मंडल संयोजक फरसाबहार के प्रतिवेदन पर यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में छात्रावास अधीक्षक का मुख्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर निर्धारित किया गया है।


कुछ बच्चे रात के अंधेरे में पैदल गए घर, कुछ भटके
अधीक्षक ने भोजन करते बच्चों से की मारपीट
सभी विद्यार्थियों को हॉस्टल से कर दिया बाहर

हरिभूमि में 8 जुलाई को प्रकाशित खबर।

### जांच के बाद अपराध दर्ज

नायब तहसीलदार सुरजन राम पोर्ते, सब इंस्पेक्टर नंद किशोर पैंकरा ने मामले की जांच की। जांच टीम ने इस मामले में छात्रावास के स्वीपर विनोद साय और प्रदीप कुमार का लिखित बयान लिया। इन दोनों ने जांच अधिकारियों को बताया कि 6 जुलाई की शाम लगभग साढ़े 6 बजे जब वे सब्जी लेकर छात्रावास वापस आया तब छात्रावास के कैम्पस में दो बच्चे चक्रधर और एमानुएल बैठकर रो रहे थे। उन्होने जब बच्चों से रोने का करण पूछा तो बच्चों ने हास्टल अधीक्षक नरसिंह मलार्ज द्वारा मारपीट कर, छात्रावास से बाहर निकाले जाने की जानकारी दी। साथ ही छात्रावास अधीक्षक ने पूछे जाने पर स्वीपर से भी बदसलूकी की। स्वीपर से बयान लेने के बाद जब जांच अधिकारी बयान लेने छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज के घर पहुंचे तो वह शराब के नशे में धुत हो कर,पलंग में सोया हुए थे। उसने इतनी अधिक शराब पी रखी थी कि वह उठ भी नहीं पा रहा था। स्वीपर के सहयोग से जांच टीम ने नरसिंह मलार्ज को उठा कर फरसाबहार थाना लाया और उसकी डाक्टरी जांच कराई। जांच रिपोर्ट में अधीक्षक द्वारा शराब पीने की पुष्टि हुई है। नायब तहसीलदार और पुलिस विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर, आदिवासी विभाग के मंडल संयोजक लालदेव भगत की रिपोर्ट पर फरसाबहार पुलिस ने छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 206 ,115 और 75 के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है।



कौशल्या साय ने दिव्यांग को भेंट की चाबी।

# मुझे खुशी मिली इतनी के मन में न समाए

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने दिव्यांग को बैटरी चलित ट्राई सायकल उपलब्ध कराया है। सीएम साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने अपने निजी निवास बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय में वनगांव निवासी ब्रजकुमार को बैटरी से चलने वाली ट्राई सायकल वितरण की। बैटरी चलित ट्राई सायकल पाकर विकलांग ब्रजकुमार ने सीएम साय और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय का आभार जताया है।

■ दिव्यांग के चेहरे में आई मुस्कान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के बगिया में राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दो दिवसीय दौरे पर बगिया पहुंचे थे, जहां सीएम कैंप कार्यालय में जनदर्शन के दौरान इस दिव्यांग ब्रजकुमार चांद ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर ट्राय सायकल उपलब्ध कराने की मांग की थी, इनकी मांग पर सीएम साय ने जिला प्रशासन को ट्राई सायकल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद इन्हें बैटरी चलित ट्राई सायकल उपलब्ध कराया गया,सीएम मैडम कौशल्या साय ने आज दिव्यांग को बैटरी चलित ट्राई सायकल भेंट कर चाभी वितरण किया। दिव्यांग ने बैटरी चलित ट्राई सायकल मिलने पर ताली बजाकर खुशी जाहिर की और सीएम साय और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय का आभार जताया है।

## खबर संक्षेप

### 19 जुलाई तक प्रस्तुत कर सकते हैं दावा-आपत्ति

जशपुरनगर। धारा 28 पुलिस एक्ट के तहत जब्त 3 विभिन्न कम्पनी व मॉडल के चार पहिया वाहन व 3 विभिन्न कम्पनी व मॉडल मोटर सायकल व 1 नग स्कूटी को नीलाम करने निवेदन किया गया है। मामले की सुनवाई अनुविभागीय दंडाधिकारी के न्यायालय में 19 जुलाई 2024 को नियत की गई है। यदि किसी व्यक्ति को वाहन के मालिकाना हक के संबंध में दावा-आपत्ति पेश करना है, तो स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यह जानकारी थाना प्रभारी ने दी है।

### जमीन पर सोते समय सांप काटने से बच्ची की मौत

राजपुर। जमीन पर सोते समय करैत सांप काटने से दस वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम ठरकी निवासी 10 वर्षीया रेशमी कोड़ाकु आ. श्रीराम कोड़ाकु बीती रात खाना खाने के बाद दादी के साथ जमीन पर सो गई थी। इस दौरान देर रात दो बजे उसके बाएं हाथ पर कुछ काटने का एहसास हुआ। जब परिजन ने देखा तो वहां जहरीला सांप करैत था। सांप काटने से बच्ची बेहोश हो गई जिसके बाद उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची ने दम तोड़ दिया।

### अज्ञात महिला की लाश की हुई शिनाख्त

बिश्रामपुर। पर्यटन स्थल केनापारा समीप क्वारी में दो दिन पूर्व एक अज्ञात महिला के अर्धनग्न अवस्था में मिले शव की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि पांच जुलाई को पर्यटन स्थल केनापारा के पीछे क्वारी नंबर छह में एक अज्ञात महिला का शव पानी में तैरता बरामद किया गया था। मामले में जिले सहित अन्य आसपास क्षेत्रों में अज्ञात महिला की शिनाख्ति हेतु प्रयास तेज किया गया। जिस पर अंबिकापुर गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खलीबा निवासी 25 वर्षीय जयमुनि चेरवा पति रंगसाय चेरवा के रूप में मृत महिला की शिनाख्त हो सकी है। पुलिस ने बताया कि मृतिका करीब 8-9 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य थी। कभी भी उसे दौरा पड़ने पर वह बेकाबू हो जाती थी। पिछले दिनों मृतिका द्वारा घर में बच्चों पर हमला किए जाने उपरांत उसे घर में ही बांधकर रखा गया था।


### जिले में 1 जून से अब 190.7 मिमी वर्षा

जशपुरनगर। जिले में 1 जून से अब तक 190.7 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 08 जुलाई तक औसत वर्षा 255.3 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 2.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 138.0 मिमी, मनोरा में 259.2 मिमी, कुनकुरी में 245.0 मिमी, दुलदुला में 194.8 मिमी, फरसाबहार में 112.4 मिमी, बगीचा में 262.7 मिमी, कांसाबेल में 255.7 मिमी, पत्थलगॉव में 144.1 मिमी, सन्ना में 207.5 मिमी एवं बागबहार में 87.2 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

## स्टेट बैंक के एटीएम का एसी खराब

पत्थलगांव। स्टेट बैंक के बगल में संचालित हो रहे बैंक के एटीएम का एसी खराब होने से उपभोक्ता उमस भरी गर्मी में परेशान हो रहे हैं। तीन माह से बंद एसी को अब तक नहीं सुधारा गया है।

एटीएम धारकों से इन कम्पनियों के द्वारा सभी सुविधाएं देने के नाम से सालाना तय रकम बैंक खाते से काट लिया जाता है। जब बैंक उपभोक्ताओं के रकम काटने में देरी नहीं करती तब फिर एटीएम में एसी की सुविधा को क्यो नहीं सुधारा जाता। वर्ष में एकाद बार कभी एसी को सुधरवा कर अपने उच्च अधिकारियों को फोटो भेज कर वाह-वाही बटोरते हैं। एटीएम में मौजूद गार्ड से जब स्टेटबैंक के एटीएम में लगे एसी के बारे में पूछा गया तब उन्होंने बताया कि एटीएम में लगे दोनों एसी तीन महीने से खराब है। क्या कहते है उपभोक्ता



मुकेश अग्रवाल ने बताया कि स्टेट बैंक के पास स्थित एटीएम के दोनों एसी खराब है। मात्र एटीएम की शोभा बढ़ा रहे है।

जगदीश यादव ने बताया कि स्टेट बैंक के एटीएम में लगे दोनों एसी काफी दिनों से खराब है। ऐसे में पैसे निकालने में गरमी का एहसास होता है। शहर के स्टेट बैंक के साथ ही अन्य बैंकों के ज्यादातर एटीएम में लगे खराब हालत में है।

## रक्षित केन्द्र में तनाव प्रबंधन व परामर्श कार्यशाला

जशपुरनगर। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में सोमवार को रक्षित केन्द्र पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिये तनाव प्रबंधन एवं परामर्श विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

■ मनोचिकित्सक ने दी तनाव के कारण की जानकारी

कार्यशाला में जिले के विभिन्न थाना व चौकी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी में तनाव का स्तर बढ़ने से विभिन्न नशीले पदार्थों का सेवन करने से गंभीर समस्यायें उत्पन्न होती है। इसको दृष्टिगत रखते हुये स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कार्यशाला का आयोजित किया गया। जिससें विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डा. अबरार खान ने उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों से तनाव का कारण जानने का प्रयास किया। तनाव का स्तर जानने के लिये सभी का एक टेस्ट लिया गया एवं इसको कैसे निदान किया जा सकता है इसको बारिकी से समझाया गया। विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बारिकी से बताया, कि वह किस प्रकार परिवार एवं समाज पर असर डालता है। लगातार नशा करने से व्यक्ति के सोचने-समझने की शक्ति कम हो जाती है, वह एक्टिव नहीं रहता है। मानसिक तनाव दूर करने में योग, विभिन्न प्रकार के खेल, संगीत सुनना ⏭ शेष पेज 4 पर


आयोजित कार्यशाला में उपस्थित पुलिस।

### आदतन बदमाश सुनील गिरफ्तार

जशपुर। पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश में लगे आदतन बदमाश सुनील भगत ऊर्फ गोविंदा को छह लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। 8 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस ने डीपाटोली निवासी बदमाश सुनील भगत उर्फ गोविन्दा को अपने पास रखे अवैध शराब की बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश करते गिफ्तार कर लिया है। नेशनल हाईवे से लगे ग्राम गिरांग के खेल मैदान के पास खड़े होकर ग्राहक का इंतजार कर रहे आरोपी से छह लीटर महुआ शराब की जब्ती कर उसे विभिन्न धाराओं के तहत गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है।

# मैनपाट में लहराएगा देश का सबसे ऊंचा 415 फीट का तिरंगा झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में देश का दूसरा सबसे बड़ा तिरंगा लहराएगा। मैनपाट में लहराने वाले तिरंगा झंडा की ऊंचाई 415 फ़ीट होगी। तिरंगा झंडा की स्थापना नर्मदापुर में की जाएगी। झंडा स्थापित करने के साथ ही पार्क का निर्माण किया जाएगा। झंडा पार्क निर्माण के लिए 20 एकड़ जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है जबकि शासन से भी 4 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है।

■ शासन से झंडा पार्क के लिए मिली 4 करोड़ की स्वीकृत, विधायक ने किया स्थल का निरीक्षण

झंडा पार्क निर्माण को लेकर रविवार को कलेक्टर व विधायक ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश का दूसरा सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा स्थापित करने की मांग की थी।


निरीक्षण करते विधायक, कलेक्टर व अन्य।

विधायक द्वारा की गई मांग पर अब सीएम की स्वीकृति मिल गई है और शासन से झंडा पार्क निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की गई है। राशि स्वीकृति के बाद आज विधायक राम कुमार टोप्पो ने कलेक्टर सरगुजा व एसडीएम के साथ मैनपाट में प्रस्तावित स्थल का दौरा किया। इस दौरान झंडा पार्क निर्माण के लिए नर्मदापुर में 20 एकड़ जमीन का चिन्हांकन किया गया जिसके बाद कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले को उस जमीन को झंडा पार्क के लिए आरक्षित करने का निर्देश दिया। हालांकि प्रस्तावित भूमि पर लगभग 3 एकड़ में अवैध कब्जा भी है जिसे हटाने की कार्रवाई भी प्रशासन द्वारा की जाएगी। मैनपाट के झंडा पार्क में 415 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा फहराएगा जबकि भारत में सबसे ऊंचा झंडा पार्क अटारी के बाघा बार्डर में है जिसकी ऊंचाई 418 फीट है। मैनपाट में फहराने वाले ध्वज को लोग कई किलोमीटर दूर से देख सकेंगे और निश्चित रूप से इस ध्वज के लहराने से मैनपाट सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। बताया जा रहा है कि स्वीकृत 4 करोड़ रुपए की राशि में से 1 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए है जिसके बाद जल्द ही झंडा पार्क निर्माण का काम शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

### जबरन धर्म परिवर्तन करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

राजपुर। धर्म परिवर्तन करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक जबरन घर में घुसकर युवक के परिवार के सदस्यों को झांसे में लेकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दुप्पी निवासी 39 वर्षीय शिव कुमार मानिकपुरी के घर लगभग 6 माह से भरत चेरवा आना जाना कर रहा था और उसके परिवार के सदस्यों को धर्म परिवर्तन के लिए बहला फुसला रहा था। शिव कुमार द्वारा मना किए जाने के बाद भी युवक उनके घर जाकर जबरन धर्म परिवर्तन का प्रलोभन दे रहा था। 7 जुलाई की सुबह जब शिव कुमार घर पर नहीं था तो मौके का फायदा उठाकर भरत चेरवा सुबह 10 बजे पुनः उसके घर पहुंच गया और परिवार के सदस्यों को धर्म परिवर्तन पर बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अच्छी नौकरी का भी प्रलोभन दे रहा था। सूचना मिलने पर जब शिव कुमार मानिकपुरी घर पहुंचा तो उसने धर्म परिवर्तन का विरोध किया लेकिन भरत चेरवा समझाने के बाद भी धर्म परिवर्तन करने पर अड़ा हुआ था।



# भंवरमाल समिति में 77 लाख से अधिक का धान गायब, 11 पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले की समितियों में बोगस धान खरीदी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पुलिस ने पुनः भंवरमाल धान खरीदी केंद्र में 77 लाख रुपए से अधिक के धान खरीदी में की गई अनियमितता के मामले में खरीदी प्रभारी समेत 11 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ ही मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक मंडल का नेता भी शामिल है। पुलिस शेष 7 आरोपियों की तलाश कर रही है।

बताया जा रहा है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भंवरमाल के धान उपार्जन केंद्र भंवरमाल में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कुल 75409.66 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान के उठाव के दौरान डीएमओ बलरामपुर द्वारा डीओ काटा गया तो समिति में करीब 2300 क्विंटल धान नहीं मिला। इसकी शिकायत कलेक्टर बलरामपुर से की गई। शिकायत पर सहायक आयुक्त कार्यालय, पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा मामले की जांच कराई गई तो केंद्र में 2316 क्विंटल धान एवं 22158 नग बारदाना कम पाया गया। ऐसे में अंकेक्षण अधिकारी बी तिर्की द्वारा समिति में धान खरीदी की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि समिति में कुल 75409.66 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसमें से खरीदी प्रभारी राजू गुप्ता व लालजी गुप्ता द्वारा 23331.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई और 23331.60 क्विंटल धान का उठाव किया गया। इसके बाद खरीदी प्रभारी विक्रम गुप्ता आ. संजीवन गुप्ता द्वारा 52078 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसमें से 49761.92 क्विंटल ही धान का उठाव किया गया और शेष धान समिति में गायब था। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि समिति में फर्जी किसानों का रकबा दर्ज कर बोगस धान की खरीदी की गई और शासन के राशि की हेराफेरी की गई। जांच के दौरान समिति में कुल 2316.08 क्विंटल धान कम मिला जिसकी कीमत 71 लाख 79 हजार 848 रुपए है जबकि 22158 बारदाना भी कम पाया गया जिसकी कीमत 5 लाख 53 हजार 950 रुपए है। इस तरह समिति में कुल 77 लाख 33 हजार 798 रुपए की अनियमितता पाई गई। इस मामले की शिकायत खाद्य निरीक्षक प्रशांत राजवाड़े द्वारा रामानुजगंज थाने में की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में खरीदी प्रभारी विक्रम गुप्ता, गेट प्रभारी उदय प्रजापति, फड़ मुंशी अनिल सिंह आ. भगेश्वर सिंह, संदीप आ. राम विचार सिंह, धर्मेंद्र आ. शिवकुमार, सोमारू आ. बाबूलाल एक्का, शंकर प्रजापति आ. भोला प्रजापति, कुलदीप सोनवारी आ. मुंशी राम, विजय सिंह आ. गंझू, बारदाना प्रभारी अंकित गुप्ता आ. राकेश गुप्ता, जितेंद्र कुशवाहा के खिलाफ धारा 409, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




## आवसीय सुविधा के साथ निःशुल्क होगी 90 दिनों की ट्रेनिंग

# लाइवलीहुड कॉलेज में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के युवाओं के लिए रोजगार हेतु समय-समय पर जिला कौशल विकास के तहत रोजगार मेले और करियर काउंसलिंग का आयोजन किया जाता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज, जशपुर में युवाओं को निरूशुल्क प्रशिक्षण हेतु नया बैच शुरू होने वाला है।

ये उन युवाओं के लिए बेहतरीन मौका है जो असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का कोर्स कर इसमें रोजगार हासिल करना चाहते हैं। इसके लिए आवेदन शुरू हो गए हैं और युवाओं को पंजीकरण के बाद उन्हें प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार दिया जाएगा।

### निःशुल्क होगी 90 दिनों की ट्रेनिंग

जशपुर स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन कोर्स के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दी जाएगी। इनमें रिपेयरिंग स्विचिंग डिवाइस स्थापित करने, बिजली उपकरणों का निर्माण, विद्युत सुरक्षा उपकरण निर्माण, वायरिंग मरम्मत या फिर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मरम्मत की ट्रेनिंग दी जाएगी। 90 दिन की ट्रेनिंग के बाद संस्थान की तरफ से युवाओं को प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। इससे वह आगे चलकर अपने खुद के रोजगार की शुरुआत कर सकते हैं। आवसीय सुविधा के साथ प्रशिक्षण पूरी तरह से निः शुल्क है।

■ लाइवलीहुड कॉलेज में कोर्स संचालित

■ ऑफलाइन जमा करना होगा आवेदन



**आवेदन के लिए लगेंगे यह दस्तावेज:** आवेदन करने वाले युवा को न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 8वीं पास और न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए आवेदन के दौरान आधार कार्ड, चार फोटो, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ बैंक पासबुक और आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर संस्थान में जमा करना होगा। आवेदन लाइवलीहुड कॉलेज में में ही ऑफलाइन लिया जा रहा है। इस प्रकिया के बाद आवेदन पत्र की जांच कर तय समय में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार करना उद्देश्य

लाइवलीहुड कॉलेज, जशपुर के प्राचार्य अमरनाथ धमगया नए बताया कि कॉलेज में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले के युवाओं को यहां संचालित कोर्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवाओं को रोजगार से जोड़ने अलग-अलग क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन कोर्स के लिए नया बैच शुरू होने वाला है जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। साथ ही युवा योजना के तहत जिस क्षेत्र में प्रशिक्षण लेना चाहते हैं वह यहां पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं और प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।



8-JULAY- Jash-RGH-CORIYA-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 7/8/2024 8:21 PM Page 1





# सिंगर नहीं पुजारी बनने के लिए घर से भागे थे कैलाश

**मुंबई।** कैलाश खैर का नाम बॉलीवुड के पॉपुलर सिगर्स की लिस्ट में शुमार हैं। आज उनका बर्थडे है। क्या आप ये जानते हैं कि कैलाश कभी सिगर बनना ही नहीं चाहते थे बल्कि वो पुजारी बनने के लिए छोटी सी उम्र में घर छोड़कर भाग गए थे। कैलाश खका जन्म 7 जुलाई को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता एक लोक गायक थे। दरअसल कैलाश जब कैलाश खेर 14 साल के थे। तो घर से पुजारी बनने के लिए ऋषिकेश भाग गए। वहां कुछ दिन रहने के बाद उन्हें समझ आ गया कि ये सब उनके लिए नहीं है। इस चीज से वो एक दिन इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

लाइफ Style



# रश्मिका

## 'कुबेर' का पहला टीजर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। बीते साल रणबीर कपूर के साथ आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद एक्ट्रेस काफी डिमांड में हैं। उनके हाथ बॉलीवुड के एक और बड़ी फिल्म हाथ लगी है।

सलमान खान के साथ अगली फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगी। इससे पहले उनकी एक और फिल्म सुर्खियों में है। रश्मिका और धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी बज़ है। अब इस फिल्म का पहला लुक सामने आ गया है। शुक्रवार को मेकर्स और रश्मिका ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। 5 जुलाई को रश्मिका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया जिसमें वह एक अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। 'कुबेर' का ये टीजर वीडियो 48 सेकेंड का है जिसमें काफी सस्पेंस बना हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदान और धनुष के अलावा नागार्जुन अक्किनेनी भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन कमान शेखर कम्मुला ने किया है। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहं आई है। वीडियो में रश्मिका आधी रात में एक जंगल जैसी गुमनाम जगह पर जाती हैं, अपने आसपास देखती हैं और फिर जमीन खोदना शुरू करती हैं। जमीन से एक सूटकेस निकालती हैं जिसमें ढेर सारे पैसे भरे होते हैं। उसे देख वह खुशी हो जाती हैं और भगवान को हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद देती हैं। इस पूरे सीन से फिल्म को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ है।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विजेता जॉन नहीं रहे...

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विजेता निर्माता जॉन लैंडौ, जिन्होंने फिल्म निर्माता जेम्स कैमरून के साथ मिलकर फिल्म 'टाइटैनिक' और 'अवतार' के लिए काम किया था। उनका कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। निधन से पहले लैंडौ ने 'अवतार 2' सीक्वल के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' को लैंडौ और कैमरून की बदौलत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और तीन ऑस्कर जीते। इस जोड़ी ने अब तक रिलीज हुई सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चार फिल्मों में से तीन साथ में बनाई है।




# जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा...

**लॉस एंजिलस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है।



# भड़के डॉक्टरः कहा- जेल भेजना चाहिए...

**मुंबई।** बीते कुछ सालों से सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इसका इलाज भी कराया है और अब वह स्वस्थ्य हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस को सामान्य वायरल हो गया था। इसके लिए उन्होंने लोगों को बिना जरूरत के दवाई लेने से मना करते हुए लोगों को नेबुलाइजर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और डिस्टिल्ड वॉटर का इस्तेमाल कर इलाज का उपाय बता रही थीं। उन्होंने कहा था कि इसका उपयोग करने से तुरंत आराम मिलता है और ये अनावश्यक दवाओं से बचता है। सामंथा के इस उपाय को लेकर एक डॉक्टर ने इस तरह की खतरनाक टिप्स देने पर उनकी जमकर आलोचना की और सामंथा को हेल्थ और साइंस का अज्ञानी बताते हुए लिखा कि लोगों की जिंदगी खतरे में डालने पर सामंथा पर फाइन लगना चाहिए या जेल भेजा जाना चाहिए।



# 'सिकंदर' में नजर आएंगे सत्यराज व प्रतीक

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगडॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ताजा खबर यह है कि प्रतीक बब्बर और सत्यराज फिल्म 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। 'सिकंदर' की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रतीक और सत्यराज की कुछ तस्वीरें साझा की हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता में 'मिसेज सोढ़ी' से लेकर 'टप्पू' के किरदार में अब नए चेहरे..

**मुंबई।** कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हमेशा चर्चा में बना रहता है। ये शो पिछले 15 सालों से दर्शकों को एंटरटेन करता हुआ आ रहा है। तारक मेहता शो में दिलीप जोशी को जेठालाल की भूमिका में देखा जाता है। जेठालाल तो इस शो की जान हैं। वहीं मुनमुन दत्ता तारक मेहता शो में बबीताजी की भूमिका में दिखाई देती हैं। बबीता जी पर जेठालाल जान न्योछावर करने को भी तैयार रहते हैं।

***इन कलाकारों को किया गया रिप्लेसः*** इस शो में पिछले सालों में कई बदलाव हुए हैं। जी हां आपको बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अभी तक कई किरदारों को रिप्लेस किया जा चुका है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम टप्पू का आता है। टप्पू को शो में फैंस काफी पसंद करते हैं। इस रोल को सबसे पहले भव्य गांधी निभा रहे थे। बाद में इस रोल को राज अनादकट और अब फिर उनकी जगह नीतीश भलूनी ने ले ली है।

***मिस्टर एंड मिसेज सोढ़ी :*** इसके अलावा शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का रोल जेनिफर बंसीवाल निभा रही थीं लेकिन उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया और अब मोनाज मेवावाला इस किरदार में दिखाई दे रही हैं। लिस्ट में आगे नाम है रोशन सिंह सोढ़ी का रोल निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह का, जी हां उन्होंने शो छोड़ दिया था जिसके बाद इस रोल को लाड सिंह ने निभाया था, लेकिन उन्होंने भी शो को छोड़ दिया था फिर अब बलविंदर सिंह रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रहे हैं।

## बचपन में ही घर छोड़कर भाग गई थीं शहनाज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में अपनी चुलबुली अदाओं से दिल जीतने वाली शहनाज गिल अपने फैंस के दिलों पर खूब राज करती हैं, लेकिन एक टाइम ऐसा था जब शहनाज ने दर-दर की ठोकरें खाई हैं। शहनाज गिल



ने आज अपनी मेहनत के दम पर टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है लेकिन एक समय ऐसा था जब इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए एक्ट्रेस बचपन में ही घर से भाग गई थी। शहनाज को हमेशा से खुद पर भरोसा था कि उनके सपने एक ना एक दिन पूरे हो जाएंगे। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से खुद को बुलाने वाली एक्ट्रेस शहनाज को असली पहचान बिग बॉस से मिली है। बिग बॉस के घर के अंदर भी शहनाज ने बताया था कि, 'जब वह शूटिंग के लिए घर से निकलती थी, तो कोई भी उन्हें सेट तक छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता था। घर में बहुत हंगामा होता था। इसके बाद करीब 3-4 साल तक घरवालों से उन्होंने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।

# आलिया व शरवरी की फिल्म से उठा पर्दाः टाइटल हुआ रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर अपने धमाकेदार फिल्म को लेकर चर्चा में रहती हैं। इसी बीच आलिया और शरवरी की फिल्म का टाइटल रिलीज किया गया है। दरअसल, आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की



पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। इसी बीच मेकर्स ने वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं बता दें, यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स को और भी बड़ा कर रहा है। अब तक उनके बैनर तले 'वॉर' से लेकर 'टाइगर' और 'पठान' जैसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और ऋतिक रोशन जैसे सेलेब्स दमदार एक्शन करते हुए नजर आए थे। ऐसे में अब यशराज के सबसे बड़े यूनिवर्स में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज आलिया और शरवरी का नाम भी जुड़ गया है।

***देश के दुश्मनों से भिड़ेंगी आलिया-शरवरी वाघ :*** इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी। हालांकि, वायआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोड़ने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं। ऐसे में अब 'अल्फा' का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# रणवीर चुराते थे निर्माताओं के फोन नंबर बदला सरनेम, बेच चुके हैं चिकन...

**मुंबई।** रणवीर सिंह आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। वह फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक खास पहचान बनाई है। रणवीर आज यानी 6 जुलाई को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। वे अमेरिका की स्टारबक्स कैफे में पार्ट टाइम नौकरी भी करते थे। उस दौरान वह एक विज्ञापन एजेंसी में बतौर राइटर काम करते थे।

***असली सरनेम सिंह नहीं.... :*** बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि रणवीर का सरनेम सिंह नहीं, बल्कि भवनानी है। फिल्मों में आने से पहले ही उन्होंने अपना सरनेम बदल दिया था।



दरअसल, एक इंटरव्यू में उन्होंने इसका खुलासा किया था कि यह सरनेम उनके नाम के साथ काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में उन्होंने इस बदलकर सिंह कर लिया। उन्हें लोग रणवीर सिंह के नाम से ही जानते हैं। रणवीर भवनानी से कोई नहीं जानता।

***लोगों के फोन से चुराते थे निर्माताओं के नंबरः*** रणवीर ने बताया था कि वह प्रोडक्शन हाउस में जाकर अपना पोर्टफोलियो दिया करते थे, लेकिन निर्देशक उसे कचरे के डब्बे में फेंक देते थे। एक समय उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि वो हीरो बन पाएंगे। काम की तलाश में रेस्तरां और नाइट क्लब में वह निर्माताओं का पीछा किया करते थे, ताकि उन्हें फिल्मों में एक बार मौका मिल जाए। वह फिल्मों में एक मौका पाने के लिए लोगों के फोन से निर्माताओं के नंबर चुराया करते थे।

***कॉलेज के दिनों में बेचा चिकन :*** रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। जब उन्होंने अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, तब उन्होंने अभिनय और थिएटर के गुर सीखना शुरू किए।

***बॉलीवुड से पुराना नाता :*** रणवीर का 50 के दशक की अभिनेत्री चांद बर्क से बहुत करीबी नाता है, जिन्हें राज कपूर ने फिल्मों में ब्रेक दिया था। रणवीर इन्हीं के पोते हैं।

## ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी

# इस माह रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, इन सितारों पर लगा है दांव


*जून में कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं। कुछ सफल रहीं तो कुछ असफल। हालांकि, 'कल्कि 2898 एडी' के साथ इस महीने का अंत धमाकेदार रहा। अब जुलाई में भी सिनेप्रेमियों को कई बढ़िया फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी। जुलाई के महीने में कई सितारों की किस्मत दांव पर लगी है। आइए जानते हैं जुलाई में कितनी फिल्में रिलीज हो रहीं जो आपका मनोरंजन करेंगी।*

### 'औरों में कहां दम था'




इस साल के पहले 6 महीने में 'शैतान' और 'मैदान' जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने वाले दमदार अभिनेता अजय देवगन फिल्म 'औरों में कहां दम था' लेकर आ रहे हैं। उनकी इस फिल्म ने 5 जुलाई को सिनेमाघरों का रुख किया। नीरज पांडे ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी है, वहीं जिमी शेरगिल भी इसमें एक खास भूमिका निभाने वाले हैं।

### 'किल'



यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि करण जौहर और गुनीत मोंगा ने मिलकर इसे बनाया है। टीवी के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी इसके जरिए बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में वाहवाही लूट चुकी है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। राघव जुयाल और तान्या मणिकतला भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म भी 5 जुलाई को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

### 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की बड़े बजट की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखाया। अब वह फिर 'सरफिरा' के साथ रुपहले पर्दे पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। राधिका मदान और परेश रावल फिल्म में अक्षय के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

### 'इंडियन 2' और 'बैड न्यूज'

अक्षय का सामना बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इंडियन 2' से होने वाला है। दरअसल, यह फिल्म भी 12 जुलाई को ही सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की एक कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म का ट्रेलर और इसमें कमल का धांसू अवतार दर्शकों को बेहद पसंद आया है। उधर फिल्म 'बैड न्यूज' सिनेमाघरों में 19 जुलाई को आएगी। इसके लिए पहली बार विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी साथ आई है।



### 'ककुड़ा' और 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'

सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम की फिल्म 'ककुड़ा' 12 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी। उधर वरुण शर्मा, सनी सिंह, पत्रलेखा और जस्सी गिल की चर्चित कॉमेडी फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।



## खबर संक्षेप

### मुख्य वन सरंक्षक ने पौधरोपण कार्यक्रम का किया निरीक्षण



**रायगढ़।** मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख द्वारा धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत बाकारुमा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 150 पीएफ में सिंचित पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया गया और पौधरोपण कार्य में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। मौके पर उपस्थित सभी वन अमले को वानिकी कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता के बारे में निर्देशित किया गया। वन क्षेत्र में उपस्थित औषधीय पौधों की जानकारी दी गई और उनकी उपयोगिता और संरक्षण के बारे में निर्देशित किया गया। रोपण क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीपल के पौधे का रोपण किया गया तथा रोपण क्षेत्र को स्थानीय देवी खम्हेश्वरी देवी के नाम से नामकरण करने तथा सरना स्थल पर चबूतरा निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। किसान वृक्ष मित्र योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों से चर्चा के दौरान सबई घास उत्पादन को बढ़ावा देने समिति से चर्चा कर सबाई उत्पाद यूनिट स्थापित करने तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात लैलूंगा वन परिक्षेत्र में सभी की वन अमले की समस्याओं जैसे कि नया भवन, भवन मरम्मत, सेवा पुस्तिका सत्यापन, लंबित वेतन, सर्विस बुक की छाया प्रति, समय वेतनमान और अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

### शिकायत के बाद अवैध कब्जे की जांच करने पहुंची तहसीलदार



**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम एकताल जो कि रायगढ स्थित मेडिकल कालेज से ठीक आगे हैं जहां बार बार ये शिकायत आ रहा था कि वहां शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया जाकर मिट्टी पटाई चल रहा है वहीं मिट्टी पाटते समय मिट्टी रोड में आने से रोड किचड से सन जा रहा है जिससे दुर्घटना के संभावना है इसमें नाले के मेड को भी काट देने की बात कहीं जा रही थी। इन सारे तथ्यों की जांच के लिए बीते दिनांक को तहसीलदार नेहा उपाध्याय ने संबंधित हल्का पटवारी एवं आर आई के साथ मौके पर पहुंचीं और सघन जांच किया। इसमें यह तथ्य सामने आया कि मिट्टी पाटा जा रहा भूमि निजी भूमि है लेकिन संबंधित भू स्वामी मिट्टी पाटते समय लापरवाही बरत रहा था जिसे कडी समझाईश देकर कहा कि मिट्टी रोड में नहीं बिखरना चाहिए। बहरहाल उक्त जांच से भू माफियाओं में अंकुश तो लगा है लेकिन जिस तरह की शिकायत है और जैसा इनका हरकत है ये अपने लक्ष्य तक जरूर पहुंच सकते हैं चूंकि षिकायत निराधार नहीं है ऐसा बताया जा रहा है।

### 174 खाताधारकों को साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा की राशि वितरित



**रायगढ़।** अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ द्वारा पुसौर ब्लॉक में जमीन प्रभावितों को स्व रोजगार के लिए एकमुश्त राशि प्रदान की गई। ग्राम छोटे भंडार में स्थित संयंत्र परिसर में शुक्रवार 5 जुलाई को आयोजित एक शिविर में पधारे कुल 22 पात्र भूमि प्रभावित खाताधारकों को आपसी समझौते के तहत उनके स्वरोजगार के लिए और नौकरी के बदले 5 लाख रुपए की एकमुश्त राशि चेक के द्वारा प्रदान की गई। प्राप्तकर्ताओं में ग्राम कलमा के 16, छोटे भंडार, बड़े भंडार और सरवानी के कुल 6 खाताधारक शामिल थे। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे लोगों को मुआवजा देना था जिनकी जमीन संयंत्र के लिए अधिग्रहित की गई। अदाणी पावर लिमिटेड ने रोजगार के बजाय एकमुश्त राशि का विकल्प चुनने वाले पात्र खाताधारकों को एक समझौते के तहत एक मुश्त राशि प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। जिसके लिए आसपास के पांच गांवों के कुल 174 खाताधारकों ने एक आवेदन देकर एकमुश्त निपटान योजना का लाभ लेने की इच्छा जताई थी। इस तरह अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में आज तलक कुल 8.70 करोड़ रुपए पात्र खाताधारकों को चेक के माध्यम से वितरित किए गए।

## पेज 1 का शेष

### रक्षित केन्द्र में तनाव ...

सहायक हो सकते हैं। जिन कर्मचारियों को तनाव ज्यादा है, उनके लिये आगामी माह में पुनः कार्यशाला आयोजित किया जायेगा। तनाव संबंधी समस्याओं का ईलाज जिला अस्पताल जशपुर में निःशुल्क है, विशेषज्ञ द्वारा जानकारी देकर ईलाज किया जाता है। उक्त कार्यशाला में जिला चिकित्सालय जशपुर के मनोचिकित्सक डा. अबरार खान, रक्षित निरीक्षक जशपुर अमरजीत खूंटे, श्रीमती प्रिया सोनी सोसल वर्कर, विकास कुजूर साइकेट्री नर्स एवं टीम सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खरीदी के पांच माह बाद भी उठाव पूरा नहीं

# सक्ती जिले में 70 लाख से अधिक का धान शार्टेज, नोटिस देकर कर रहे रिकव्हरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवगठित जिला सक्ती में धान उठाव की सुस्त चाल ने जीरो शार्टेज के लक्ष्य पर रोडा अटका दिया है। धान खरीदी बंद होने के पांच महीने बाद भी सक्ती जिले में धान का पूरा उठाव नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि यहां के दर्जनभर से अधिक केन्द्रों में अभी भी साढ़े तीन हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है। खास बात यह है कि कई जगहों पर जितना उठाव होना है, उतना धान नहीं है। हालात को देखते हुए विभाग द्वारा सभी केन्द्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है और रिकव्हरी की जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई थी। वैसे तो खरीदी की तिथि 31 जनवरी तक निर्धारित की गई थी, लेकिन नई सरकार ने सप्ताह भर का समय और बढ़ाया। इस तरह से फरवरी के पहले सप्ताह तक धान की खरीदी हुई। दूसरी ओर खरीदे गए धान के उठाव की गति में केन्द्र प्रभारियों की परेशानी बढ़ा दी। इसके बाद जैसे तैसे धान का उठाव होने लगा तो केन्द्रों में धान का शार्टेज होने लगा है। नवगठित जिला सक्ती में धान उठाव की सुस्त चाल ने जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

यहां के केन्द्रों में अभी भी साढ़े तीन हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है। विभागीय सूत्रों की माने तो सक्ती जिले के कई केन्द्रों में सौ से लेकर 500 क्विंटल तक धान का उठाव बाकी है। इनमें से कई जगहों पर भौतिक रूप से धान उतनी मात्रा में उपलब्ध भी नहीं है। जितना की उठाव किया जाना शेष है। ऐसे में विगत कई वर्षो से धान खरीदी में कायम जीरो शार्टेज का रिकार्ड बरकरार रखने विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अमला अब रिकार्ड में इसकी भरपाई करने में इसकी मशक्कत कर रहा है। हालात को देखते हुए विभाग द्वारा पिछले महीने 10 हजार क्विंटल की रिकव्हरी के लिए 21 केन्द्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया था।



**कर रहे रिकव्हरी**

जिले के 10 धान खरीदी केन्द्रों में करीब 35 सौ क्विंटल धान का उठाव शेष है। केन्द्र प्रभारियों को नोटिस देकर रिकव्हरी की कार्रवाई कर रहे है।

-शोभना तिवारी डीएमओ, सक्ती

### डेंगू के रोकथाम व नियंत्रण के लिए चल रहा अभियान

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके चन्द्रवशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत रायगढ़ के शहरी क्षेत्रों के समस्त 48 वार्डों में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विशेष अभियान के तहत सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे का कार्य किया जा रहा हैए ताकि समय रहते डेंगू को पूर्ण रूप से खत्म किया जा सके। विगत वर्ष के हॉटस्पॉट एरिया के साथ.साथ उस स्थानों में जहां मच्छरों के पनपने के संभावना अधिक रहती है वहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकरियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन के सहयोग से स्त्रोत नियंत्रण गतिविधि करने हेतु टीम का गठन किया गया है। पिछले वर्ष के हॉट स्पॉट एरिया व पिछले साल के डेंगू मरीजों के आसपास के 50-50 घरों में सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे का कार्य भी किया जा रहा है। आज जिले से जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया द्वारा शहरी क्षेत्र लालटंकी, बीड़ पारा, गौशाला पारा, पुलिस लाईन एवं ढिमरापुर चौंक आदि क्षेत्रों में चल रहे सोर्स रिडक्शन कार्य का निरीक्षण किया गया जिसमें निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देशन देने के साथ.साथ पाये जाने वाले कन्टेनरों को खाली करवाया गया।




## भटगांव नपं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों का कांग्रेस से सामूहिक इस्तीफा

**सरसींवा।** प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को भटगांव नगर पंचायत के निर्वाचित अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे के साथ साथ कांग्रेस केसभी पार्षद गणों ने दिया कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, इसके साथ ही दो पूर्व एल्डरमानों ने भी दिया कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को व्हाट्सएप में इस्तीफा पत्र भेजा गया है ।

स्तीफा से एक दिन पूर्व कांग्रेस विधायक कविता प्राण लहरों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ भटगांव में जनप्रतिनिधियों के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए नगर बन्दऔर चक्का जाम किया था इसी के आहत होकर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष और पार्षद गणों ने इस्तीफा दे दिया है इस्तीफा के बाद से अब अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक उपाध्याय प्रवेश दुबे समेत पार्षद गणों का बीजेपी में भी शामिल होने की अटकत तेज हो गई है बता दे की नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने बताया कि आज पार्षद सुख बाई नारंग, लक्ष्मीकांत देवांगन, इंदिरा केसरवानी, दुष्यंत नारंग, ईश्वर केवट एपूर्व एल्डर में दिल हरण साहू, सुदरम यादव के साथ सरपंच टेढ़ी भद्र प्रेम कुमारी नारंग, एवं अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता के साथ हमने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक वैज औऱ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण मालाकार तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू को व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दिया है हमारे सभी निर्वाचित जनपति निधियो के ऊपर कांग्रेस से ही विधायक कविता प्राण लहरे के द्वारा भ्रष्टाचार का झूठा आरोप लगाते हुए चक्का जाम कर हमारे मान सम्मान को ठेस पहुंचा है इसी वजह से हमने इस्तीफा दिया है जानकारी होगी सभी निर्वाचित भटगांव के जन प्रतिनिधियों ने अपना इस्तीफा देने के बाद भटगांव से रायपुर के लिए निकल चुके हैं जिससे यह क्षेत्र में अटकने लगाई जा रही है कि जल्द ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

## फोर्टिस हॉस्पिटल में दो नए डॉक्टरों की पदस्थापना

**रायगढ़।** जेएसपी फाउंडेशन के तहत फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ अंचल में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल ने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित सुरेशराव बल्लमवार और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पायल गोंदे बल्लमवार को सलाहकार के रूप में जोड़ा है।





फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल में हैदराबाद से प्रशिक्षित कुशल एवं अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ के पद पर डॉ. अमित सुरेशराव बल्लमवार पदस्थापित किये गए हैं। डॉ. अमित ने महाराष्ट्र सरकार के अधीन चिकित्सा अधिकारी के रूप में ग्रामीण आदिवासी क्षेत्र में 2 वर्षों से अधिक समय तक काम किया है। एमडी के बाद एमजीआईएमएस में सीनियर रेजिडेंट, भीगवान मल्टीस्पेशलिटी पुणे में कंसल्टेंट फिजिशियन और यशोदा अस्पताल सिकंदराबाद, तेलंगाना में जूनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी के रूप में काम किया है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पायल गोंदे बल्लमवार भी संस्थान से जुड़ी हैं। उन्होंने ग्रांट गवर्नमेंट कॉलेज और सर जेजे ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुंबई में 3 साल तक जूनियर रेजिडेंट नेत्र विज्ञान के रूप में काम किया है। इसके अलावा उन्होंने सेठ जीएस मेडिकल कॉलेज और केईएम अस्पताल मुंबई, स्वामी समर्थ आई क्लिनिक नागपुर, आई क्लिनिक सिकंदराबाद, वासन आई केयर बेगमपेठ और डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल हैदराबाद में नेत्र रोग विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। उपरोक्त दोनों चिकित्सकों की पदस्थापना से लोगों को फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल, रायगढ़ में हृदय रोग एवं नेत्र रोग से संबंधित सभी बीमारियों के इलाज की बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

### शिविर लगाकर 37 राजस्व प्रकरणों का निराकरण

**पुसौर।** शासन के निर्देश पर पुसौर राजस्व मंडल का राजस्व पखवाडा कार्यक्रम जन समस्या निवारण शिविर के बैनर तले तहसील कार्यालय पुसौर के सभाकक्ष में आयोजित हुआ जो क्षेत्र के 37 ग्रामों के लिए रहा। उक्त कार्यक्रम में संबंधित क्षेत्र के हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक सहित नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा एवं तहसीलदार नेहा उपाध्याय रहे। राजस्व पखवाडा के उद्येश्य एवं लक्ष्य के संबंध में तहसीलदार नेहा उपाध्याय ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में भू स्वामी अथवा संबंधित क्षेत्र के अन्य जिनका कि राजस्व से जुडा कोई मामला हो उसका निपटारा होगा ।

## मन लगाकर करें पढ़ाई, जरूर मिलेगी सफलता : लालजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- धरमजयगढ़ में विखं स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संपन्न

सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में धरमजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मंगल भवन धरमजयगढ़ में किया गया। मौके पर उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। आशीर्वाद स्वरुप उन्होंने मिठाई व चॉकलेट खिलाकर कर निरूशुल्क पाठ्य पुस्तक गणवेश व सरस्वती साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक लालजीत सिंह राठिया ने किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर साउंड सिस्टम, मोबाइल हियरिंग किट का वितरण किया गया। गत वर्ष के 10 वीं व 12 वीं प्रतिभावान बच्चों को सांसद व विधायक ने पुष्प गुच्छ एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

सांसद राधेश्याम राठिया ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं जीवन में आगे बढ़कर उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल प्राचार्य को शासन द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं को बच्चों तक शत प्रतिशत पहुंचाने की बात कही। पालकों से भी उन्होंने निवेदन किया कि वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहे एवं उन्हें विद्यालय के सुखद वातावरण में भेजने हेतु प्रेरित करें। जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। विधायक लालजीत सिंह राठिया ने अपने उद्बोधन में मनुष्य जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को अंधे व्यक्ति के जीवन में प्रकाश पुंज की संज्ञा दी। उन्होंने सभी बच्चों को खूब पढने और अपने माता.पिता का नाम रोशन करने हेतु कहा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी द्वारा शाला प्रवेश उत्सव एवं विकासखंड की शैक्षणिक उपलब्धि का प्रतिवेदन वाचन किया गया। इस अवसर पर पुनीत राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत, रमेश अग्रवाल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, टार्जन भारती उपाध्यक्ष, नगर पंचायत व मंडल अध्यक्ष गोकुल यादव, संजय गुप्ता, रामनाथ बैगा जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती वीणा विश्वास जनपद पंचायत सदस्य, महेश चैनानी, विजय अग्रवाल, जगन्नाथ यादव, भरत लाल साहू, हरिचरण अग्रवाल, मुकेश हलधर, धनेश्वर भट्ट उपस्थित रहे।



### हाई स्कूल के वन महोत्सव में शामिल हुए सांसद राठिया



वन परिक्षेत्र धरमजयगढ़ अंतर्गत गेरसा ग्राम के हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल, गेरसा में वन महोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन सांसद राधेश्याम राठिया, के द्वारा किया गया। वनमण्डल स्तर पर उन्होंने पीपल का पेड़ लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की तथा निशुल्क वितरण हेतु पौधा वितरण वाहन को भी हरी झंडी दिखाई। वन महोत्सव कार्यक्रम में 13 प्रजाति के कुल 141 पौधों का रोपण किया गया तथा इनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया। इस आयोजन पर मुख्य अतिथि श्री राठिया द्वारा किसान वृक्ष मित्र योजना के अन्तर्गत हितग्राही किसानों को निशुल्क क्लोनाल नीलगिरी पौधों का भी वितरण किया गया तथा किसानों को इस योजना अन्तर्गत पूरा लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राधेश्याम राठिया लोकसभा सांसद रायगढ़, वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़, अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़, उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़, तहसीलदार धरमजयगढ़,स्थानीय जन प्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी, स्कूल के शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राएं ग्रामीण आदि सभी उपस्थित रहे।

## नयनिका ने जिले के दस स्कूलों में दी कथक की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के विशेष प्रयास से तथा स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा के समन्वय से 2 से 6 जुलाई तक नई दिल्ली स्थित इंडियन इंटरनेशनल रूरल कल्चरल सेंटर के पहल पर जयपुर घराने की कलाकार कथक नृत्यांगना सुश्री नयनिका गंगानी ने अपने तीन सहयोगी साथियों महेंद्र सोनगरा, किशोर कुमार और हरीश गंगानी ने जिले के दस स्कूलों में कथक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

सुश्री गंगवानी ने विद्यार्थियों को अपने अंदर अंतर निहित विशेष गुणों को पहचान कर उसके माध्यम से पढ़ाई से उत्पन्न तनाव से मुक्ति कैसे करें तथा अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कैसे करें यह भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रमए सतत प्रयासए तन्मयता के समन्वय से लक्ष्य प्राप्ति को आसान करना भी बताया। कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य की जानकारी जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को दी। नृत्य प्रस्तुति के लिये रायगढ़ जिले के दस हायर सेकेंडरी स्कूलों का चयन किया गया था। सुश्री गंगवानी ने 2 जुलाई को चक्रधरनगर स्कूल एवं नटवर स्कूल में 3 जुलाई को जूटमिल स्कूल और कोतरा स्कूल में, 4 जुलाई को किरोड़ीमल नगर स्कूल और कन्या रायगढ़ स्कूल में, 5 जुलाई को औरदा पुसौर स्कूल और बालक पुसौर स्कूल में प्रस्तुति दी।

स्कूलों में कार्यक्रम के दौरान नृत्य के माध्यम से बच्चों को एकाग्रता कैसे लायेए पूर्णता के लिए कैसे मेहनत करें। सफलता कैसे हासिल करें जैसे विषयों को नृत्य से जोड़कर सिखाया। साथ ही बच्चों को नृत्य किस तरह सीखा जाता है इसके टिप्स दिए। सभी स्कूलो के बच्चों ने नृत्य का भरपूर आनंद लिया।

इस कार्यक्रम में भुवनेश्वर पटेल एपीसी एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार एपीसी ने पूरी टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिये साधुवाद दिया तथा टीम को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में रायगढ़ आने हेतु आमंत्रण दिया।




## ताइक्वांडो स्पर्धा के शुभारंभ पर कलेक्टर ने दिए प्रतिभागियों को फिटनेस के मंत्र

**रायगढ़।** जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में रायगढ़ क्लब में तीन दिवसीय जूनियर, सीनियर एवं 7 वीं कैडेट का 20 वां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। जिसमें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं एसपी दिव्यांग पटेल शामिल हुए। मौके पर ट्रायल मैच का भी आयोजन हुआ, यह प्रतियोगिता 7 जुलाई तक चलेगा।
कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ी बच्चों को रायगढ़ आगमन पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आप सभी फिट हैं, फिटनेस को अपना मूल मंत्र बनाकर चले सभी स्वस्थ रहेंगे। सभी मन लगाकर खेले, यह हमारे देश के लिए बेहतर है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आप अभी से फ्यूचर प्लानिंग कर ले मैं चाहता हूं कि आप ताइक्वांडो के ऊंची शिखर में जाएं लेकिन साथ ही अपने ऑप्शन बी भी तैयार रखें। आप भविष्य में जो भी बनना चाहते हैए निश्चित रूप से बने। आप सभी देश के ही काम आयेंगे। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा अनुभवी रेफरी के साथ एक अच्छे ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान एसपी दिव्यांग पटेल ने प्रतियोगी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।



### मांगों को लेकर कर्मचारी संघ 10 को सौंपेगे ज्ञापन



**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रांतीय निकाय के निर्णय अनुसार 10 जुलाई को पूरे प्रदेश में कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण हेतु ध्यान आकर्षण ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला शाखा अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय कार्यकारी जिला शाखा अध्यक्ष संजीव शेट्टी सचिव एलबीएस जटवार ने संयुक्त विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 10 सूत्री मांग को लेकर बताया कि केंद्र के समान प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों को 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जाए। अभिभाजित मध्य प्रदेश की भर्ती छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदी करन का आदेश जारी किया जाए। लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य कर्मचारी के वेतन विसंगति दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की अनुशंसा लागू किया जाए।

टॉप जशपुर

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444